ई-न्यूज

24 न्यूज अपडेट

WebSite.: https://24newsupdate.in

उदयपुर, शुक्रवार 21 फरवरी 2025

Mail Id :desk24newsupdate@gmail.com

वर्ष 1 अंक 344

महाकुंभ में स्नान कर रही महिलाओं के वीडियो बनाकर बेचे, 60-70 अस्पतालों के CCTV हैक: प्रयागराज के यूट्यूबर सहित 3 गिरफ्तार



24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट. प्रयागराज। महाकुंभ में स्नान कर रही महिलाओं के वीडियो चोरी-छिपे बनाकर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अपलोड और बेचने के मामले में प्रयागराज के एक यूट्यूबर समेत तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। गुजरात पुलिस की साइबर क्राइम ब्रांच ने इस जघन्य अपराध का खुलासा किया है, जिसमें अस्पतालों के ब्ब्ज्ट कैमरे हैक कर गाइनेकोलॉजिस्ट के क्लीनिक से महिलाओं के निजी चेकअप वीडियो भी लीक किए जा रहे थे।

अंतरराष्ट्रीय साइबर अपराध का शक, 60-70 अस्पतालों के सीसीटीवी हैक

इस मामले में गिरफ्तार किए गए आरोपियों में प्रयागराज के यूट्यूबर चंद्रप्रकाश फूलचंद्र, महाराष्ट्र के प्रज्वल अशोक तेली (लातूर) और प्रज राजेंद्र पाटिल (सांगली) शामिल हैं। जांच में पाया गया कि ये लोग महाकुंभ में स्नान कर रही महिलाओं के वीडियो रिकॉर्ड कर यूट्यूब और टेलीग्राम पर अपलोड कर बेचते थे। पुलिस को संदेह है कि देशभर के 60 से 70 अस्पतालों के ब्ब्ज्ट कैमरों को भी हैक किया गया था और वहां महिलाओं के निजी चेकअप के वीडियो रिकॉर्ड कर बेचे जा रहे थे।

कैसे हुआ खुलासा?

19 फरवरी 2024 को गुजरात के राजकोट स्थित पायल अस्पताल में महिलाओं के चेकअप के वीडियो यूट्यूब पर अपलोड किए जाने का मामला सामने आया। पुलिस ने इस केस की गहराई से जांच शुरू की और साइबर ट्रेसिंग के जरिए महाराष्ट्र के लातूर और सांगली से दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। इन्हीं से पूछताछ के बाद प्रयागराज में मौजूद यूट्यूबर चंद्रप्रकाश फूलचंद्र का नाम सामने आया, जिसे शुक्रवार को हिरासत में ले लिया गया।

वीडियो की ऑनलाइन बिक्री, टेलीग्राम पर 100 से ज्यादा ग्राहक

जांच में सामने आया है कि चंद्रप्रकाश फूलचंद्र खुद वीडियो बनाता और अपने चैनल पर अपलोड करता था। इसके अलावा, वह अन्य टेलीग्राम चैनलों को भी ये वीडियो बेचता था। आरोपी के टेलीग्राम चैनल पर 100 से ज्यादा ग्राहक थे और ये वीडियो 800 से 2000 रुपये तक में बेचे जा रहे थे।

अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क से जुड़े तार, रोमानिया-अटलांटा से हैकिंग

अहमदाबाद क्राइम ब्रांच को शक है कि इस रैकेट का दायरा भारत तक सीमित नहीं है। शुरुआती जांच में यह सामने आया है कि अस्पतालों के ब्ब्ज्ट सिस्टम रोमानिया और अटलांटा से हैक किए गए थे। प्रज्वल अशोक तेली अंतरराष्ट्रीय हैकरों के संपर्क में था और वीडियो को डार्क वेब पर बेचने की साजिश भी चल रही थी। महाकुंभ में गलत सूचना फैलाने वालों पर भी कार्रवाई इस पूरे मामले पर यूपी के डीजीपी प्रशांत कुमार ने कहा कि महिलाओं के स्नान के वीडियो अपलोड करने के मामले में अब तक तीन एफआईआर दर्ज हो चुकी हैं और आरोपियों की पहचान कर सख्त कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा, महाकुंभ को लेकर भ्रामक सूचना फैलाने के 55 से 60 मुकदमे दर्ज किए जा चुके हैं, जिनमें शामिल सोशल मीडिया अकाउंट संचालकों को भी ट्रैक किया जा रहा है।

सख्त कार्रवाई की जरूरत

महिलाओं की निजता और सम्मान से जुड़ा यह मामला बेहद गंभीर है। साइबर अपराधों के बढ़ते मामलों के बीच, डिजिटल प्लेटफॉर्म पर महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कड़े कदम उठाने की जरूरत है। पुलिस की इस त्वरित कार्रवाई से यह साफ हो गया है कि इस तरह के अपराधियों के खिलाफ कड़ा शिकंजा कसा जाएगा।

टेस्ला अमेरिका में कार बनाकर भारत में बेचेगी:देश में जल्द EV पॉलिसी लागू होने की संभावना, इससे इंपोर्ट ड्यूटी 70% से घटकर 15% रह जाएगी



24 न्यूज अपडेट

इलॉन मस्क की इलेक्ट्रिक कार कंपनी टेस्ला भारत में अपनी एंट्री डायरेक्ट-टू-कस्टमर (D2C) बिजनेस से कर सकती है। इसका मतलब यह हुआ कि कंपनी भारत में कार बनाने की जगह सीधा अमेरिका से इंपोर्ट कर अपने भारतीय स्टोर्स से बेचेगी।

क्योंकि भारत सरकार इस साल अप्रैल में इलेक्ट्रिक व्हीकल पॉलिसी रोलआउट कर सकती है, जिसमें इलेक्ट्रिक व्हीकल इंपोर्ट करने वाली कंपनियों पर केवल 15% ड्यूटी लगाने का प्रावधान किया गया है। इसलिए कंपनी भारत में मैन्यूफैक्चरिंग प्लांट लगाने और कार बनाने का प्लान बाद में कर सकती है। बिजनेस टुडे ने सूत्रों के हवाले से इस बात की जानकारी दी है।

सरकार ने इंपोर्ट ड्यूटी 70% से घटाकर 15% किया

केंद्र सरकार ने भारत को इलेक्ट्रिक व्हीकल्स की मैन्युफैक्चरिंग का हब बनाने के अपने विजन के तहत EV पॉलिसी- 'स्कीम फॉर प्रमोशन ऑफ मैन्यूफैक्चरिंग ऑफ इलेक्ट्रिक पैसेंजर कार्स इन इंडिया' यानी (SPMEPCI) को पिछले साल मार्च में मंजूरी दी थी। इस पॉलिसी में सरकार ने दुनियाभर की कार कंपनियों को भारतीय मार्केट में एंट्री देने के लिए इंपोर्ट ड्यूटी 70% तक से घटाकर 15% कर दिया है। इस छूट का लाभ विदेशी कंपनियां हर साल 8000 करों के इंपोर्ट पर ले सकती हैं।

नई दिल्ली स्टेशन पर भगदड़ के वीडियो हटाने के निर्देश:रेलवे ने X को नोटिस जारी कर 288 लिंक हटाने को कहा; 18 लोगों की मौत हुई थी

24 न्यूज अपडेट

नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर



15 फरवरी को हुई भगदड़ में 18 लोगों की मौत हो गई थी। मामले में अब तक जांच रिपोर्ट नहीं आई है, लेकिन रेलवे ने एक फरमान जरूर जारी किया है। हिंदुस्तान टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार रेल मंत्रालय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म X को नोटिस जारी कर 288 वीडियोज लिंक हटाने का निर्देश दिया है। मंत्रालय ने 17 फरवरी को यह नोटिस भेजा था और X को 36 घंटे में घटना से जुड़े सभी वीडियो लिंक हटाने का निर्देश दिया था। मंत्रालय के नोटिस में कहा गया कि यह नैतिकता के साथ X के कंटेंट पॉलिसी के भी खिलाफ है। इस तरह के वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर होने से कानून-व्यवस्था की स्थिति खराब हो सकती है। अभी ट्रेनों में भारी भीड़ है, इसे देखते हुए रेलवे का ऑपरेशन भी प्रभावित हो सकता है। दिसंबर में वीडियो हटवाने का अधिकार मिला दिसंबर में प्रत्यक्ष रूप से वीडियो हटाने का अधिकार मिलने के बाद कंटेंट को लेकर यह मंत्रालय की पहली बड़ी कार्रवाई है। हालांकि इस तरह का यह दूसरा मामला है। इससे पहले जनवरी में ही यूट्यूब और इंस्टाग्राम को भेजे गए नोटिस में भ्रामक और संवेदनशील-भड़काऊ जानकारी वाले कंटेंट को लेकर सख्ती दिखाई गई थी।

इसमें मंत्रालय की ओर से सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म से कहा गया था कि आपके ऐसा न करने से कानून और व्यवस्था की स्थिति पैदा हो सकती थी। नोटिस में एक यूट्यूब वीडियो, एक इंस्टाग्राम पोस्ट और दो इंस्टाग्राम रील को लिस्ट किया गया था। हालांकि यह स्पष्ट नहीं था कि यह नोटिस किसी विशिष्ट घटना से संबंधित था या नहीं।

ट्राई लैंग्वेज विवाद, शिक्षा मंत्री की तमिलनाडु CM को चिट्ठी



24 न्यूज अपडेट

ट्राई लैंग्वेज विवाद पर केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने शुक्रवार को तमिलनाडु के सीएम एमके स्टालिन को लेटर लिखा। उन्होंने राज्य में हो रहे नेशनल एजुकेशन पॉलिसी (NEP) के विरोध की आलोचना की।

उन्होंने लिखा, 'किसी भी भाषा को थोपने का सवाल नहीं है। लेकिन विदेशी भाषाओं पर अत्यधिक निर्भरता खुद की भाषा को सीमित करती है। नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति (NEP) इसे ही ठीक करने का प्रयास कर रही है। NEP भाषाई स्वतंत्रता को कायम रखती है और यह सुनिश्चित करती है कि स्टूडेंट अपनी पसंद की भाषा सीखना जारी रखें।'

धर्मेंद्र प्रधान ने अपने लेटर में मई 2022 में चेन्नई में पीएम मोदी के 'तमिल भाषा शाश्वत है' के बायन का जिक्र करते हुए लिखा- मोदी सरकार तमिल संस्कृति और भाषा को वैश्विक स्तर पर बढ़ावा देने और लोकप्रिय बनाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। मैं अपील करता हूं कि शिक्षा का राजनीतिकरण न करें।

दरअसल, धर्मेंद्र प्रधान ने 15 फरवरी को वाराणसी के एक कार्यक्रम में तमिलनाडु की राज्य सरकार पर राजनीतिक हितों को साधने का आरोप लगाया था।

शिंदे बोले- मुझे हल्के में ना लें,धमकियों से नहीं डरता




24 न्यूज अपडेट

महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे ने शुक्रवार को कहा, 'मुझे हल्के में मत लीजिए, जिन्होंने मुझे हल्के में लिया है, उनसे मैं पहले ही कह चुका हूं कि मैं सामान्य पार्टी कार्यकर्ता हूं, लेकिन मैं बाला साहेब का कार्यकर्ता हूं और सभी को मेरी इस बात को समझ लेना चाहिए।'

उन्होंने कहा- जब आपने (विपक्ष) 2022 में हल्के में लिया, तो घोड़ा पलट गया और मैंने सरकार बदल दी। हम आम लोगों की इच्छाओं की सरकार लाए। विधानसभा में अपने पहले भाषण में मैंने देवेंद्र फडणवीस से कहा था कि 200 से ज्यादा सीटें मिलेंगी और हमें 232 सीटें मिलीं। इसलिए मुझे हल्के में मत लीजिए, जो लोग इस संकेत को समझना चाहते हैं, वे इसे समझ लें, और मैं अपना काम करता रहूंगा।

दरअसल, शिंदे का यह बयान उनको जान से मारने की धमकी पर आया है। 20 फरवरी को मेल के जरिए शिंदे की कार में बम विस्फोट करने की धमकी दी गई। मंत्रालय और जेजे मार्ग पुलिस थाने को भी धमकी भरा मेल भेजा गया।

NSDL एक महीने के अंदर ला सकती है IPO:इश्यू से कंपनी का 3 हजार करोड़ जुटाने का प्लान, सितंबर में SEBI से अप्रूवल मिला था



24 न्यूज अपडेट

नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड (NSDL) एक महीने में यानी मार्च-अप्रैल के बीच अपना इनिशियल पब्लिक ऑफरिंग (IPO) लेकर आ सकती है। कंपनी इस इश्यू से 3 हजार करोड़ रुपए जुटाना चाहती है। देश की सबसे बड़ी डिपॉजिटरी का IPO पूरी तरह से ऑफर फॉर सेल यानी OFS होगा।

कंपनी ने इसके लिए ड्राफ्ट रेड हियरिंग प्रोस्पेक्टस यानी (DRHP) जुलाई 2023 में फाइल किया था। SEBI ने पिछले साल सितंबर में कंपनी के इश्यू को अप्रूवल दे दिया था। DRHP के मुताबिक, कंपनी के 6 मौजूदा शेयरहोल्डर्स अपने 5.72 करोड़ शेयर्स बेचेंगे।

2.22 करोड़ शेयर्स बेचेगा IDBI बैंक

इस OFS के जरिए IDBI बैंक 2.22 करोड़, NSE 1.80 करोड़, यूनियन बैंक 56.25 लाख, स्पेसिफाइड अंडरटेकिंग ऑफ यूनिट ट्रस्ट ऑफ इंडिया (SUUTI) 34.15 लाख शेयर्स बेचेगी। वहीं, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया और HDFC बैंक अपने-अपने हिस्से से 40-40 लाख शेयर्स बेचेंगे।

देश की सबसे बड़ी डिपॉजिटरी कंपनी है NSDL

देश में 2 डिपॉजिटरी कंपनी NSDL और CDSL है। CDSL यानी सेंट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज लिमिटेड पहले से ही स्टॉक एक्सचेंज पर लिस्टेड है। NSDL देश की सबसे बड़ी डिपॉजिटरी कंपनी है, जो लंबे समय से IPO लाने की तैयारी कर रही है। NSDL की 1996 में स्थापना हुई थी।

कंपनी ने 7 जुलाई 2023 को IPO लाने के लिए DRHP फाइल किया था, जिसे अगस्त 2023 में SEBI ने स्थगित कर दिया था। दरअसल, अगर कंपनी के खिलाफ कोई जांच चल रही हो या अन्य रेगुलेटरी बॉडीज से मांगी गई जानकारी में देरी हो रही है, तो SEBI किसी भी IPO को रोक सकती है।

गुजरात : कच्छ में भीषण हादसा, बस-ट्रक की टक्कर में 5 की मौत, 20 घायल



24 न्यूज अपडेट

कच्छ : गुजरात के कच्छ में शुक्रवार को भीषण हादसा हो गया. बस और ट्रक के बीच जोरदार भिड़ंत हो जाने से मौके पर ही 5 लोगों की मौत हो गई और करीब 20 अन्य लोग घायल हो गए. घायलों में कई लोगों की हालत गंभीर है.

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक हादसा कच्छ के केरा मुंद्रा रोह के समीप हुआ. बताया जाता है कि बस में 40 यात्री सवार थे. भिड़ंत इतनी तेज हुई कि बस के आगे का पूरा हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया. दुर्घटना में करीब 20 लोग घायल हो गए हैं. सभी घायलों को इलाज के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है. घायलों में कई की स्थिति गंभीर है. हादसे की जानकारी मिलते ही पुलिस और 108 एंबुलेंस मौके पर पहुंच जाने के साथ ही बचाव कार्य शुरू कर दिया गया. वहीं हादसे के बाद आसपास के लोग भी काफी संख्या में पहुंच गए. बताया जाता है कि बस मुंद्रा से आ रही थी जबकि ट्रक भुज से आ रहा था. बस और ट्रक के बीच टक्कर इतने तेज हुई कि हादसे के बाद ट्रक सड़क के किनारे पलट गया. फिलहाल पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. एक अन्य मामले में, 17 फरवरी को अहमदाबाद में अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में चार लोगों की जान चली गई थी.

गुजरात में दुर्घटनाओं में हाल ही में हुई वृद्धि, विशेष रूप से बसों से संबंधित दुर्घटनाओं ने राज्य के सड़क सुरक्षा प्रोटोकॉल को लेकर चिंता पैदा कर दी है. आगे इस तरह की दुर्घटनाओं को रोकने के लिए कड़े नियमों की आवश्यकता पर बल दिया है.



संपादकीय : चुनौतियों के सामने

दिल्ली में गुरुवार को मुख्यमंत्री के रूप में रेखा गुप्ता के शपथ लेने के बाद यह साफ हो गया है कि भारतीय जनता पार्टी एक स्पष्ट संदेश के साथ काम करना चाहती है। इस बात पर राजनीतिक गलियारों में जरूर सुगबुगाहट रही कि दिल्ली विधानसभा के चुनावी नतीजों के बाद मुख्यमंत्री पद पर चुने गए व्यक्ति की घोषणा करने में ग्यारह दिन क्यों लग गए । सतह पर इस पद के लिए खींचतान की चर्चा रही, मगर ऐसा लगता है कि रेखा गुप्ता की अब तक की राजनीतिक भूमिका को देखते हुए उनके नाम पर सहमति बनाने में पार्टी को ज्यादा मशक्कत नहीं करनी पड़ी। जो हो, अब मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के साथ ही रेखा गुप्ता के सामने जितनी बड़ी चुनौती इस जिम्मेदारी के निर्वहन की है, उसी के समांतर जनता की नजर उन वादों को पूरा किए जाने पर भी रहेगी, जो चुनावों के दौरान भाजपा की ओर से किए गए थे। गौरतलब है कि दिल्ली चुनावों के दौरान यमुना का पानी और उसकी सफाई एक बहुप्रचारित मुच बनी थी। आरोप- प्रत्यारोप के बीच हकीकत यह है कि यमुना को प्रदूषण मुक्त बनाने और उसकी सफाई के मसले पर दशकों से राजनीति होती रही है। अमूमन हर पार्टी ने सत्ता मिलने पर यमुना को स्वच्छ बनाने के बड़े-बड़े वादे किए, लेकिन आज भी यह नदी बेहद दयनीय हालत में है और जिसका पानी नहाने लायक भी नहीं है। यह देखने की जरूरत होगी कि दिल्ली की नई सरकार यमुना को एक स्वच्छ नदी के रूप में जीवन देने के लिए कितनी ईमानदार इच्छाशक्ति के साथ काम कर पाती है। इसके अलावा, पूर्व सरकार की ओर से जनता के लिए चलाए गए कल्याणकारी कार्यक्रम, स्कूली शिक्षा, भ्रष्टाचार पर रोक, आबकारी नीति, दिल्ली में भयावह स्तर तक के प्रदूषण और बुनियादी ढांचे को दुरुस्त करने जैसी चुनौतियां मुंह बाए खड़ी हैं, जिन पर विपक्ष के रूप में कभी भाजपा सवाल उठाती थी और अब आम आदमी पार्टी अपनी मजबूत भूमिका में हमेशा तैयार दिखेगी। मसलन, दिल्ली की महिलाओं को ढाई हजार रुपए देने की घोषणा के समांतर इस मसले पर संदेह भी जताए जाने लगे हैं। यों मुफ्त की योजनाओं पर अक्सर सवाल उठाए जाते रहे हैं, मगर दिल्ली में बिजली-पानी आदि सेवाओं के अलावा बसों में महिलाओं की मुफ्त यात्रा, आयुष्मान भारत की सुविधा जैसी कई योजनाओं के अलावा उपराज्यपाल के साथ तालमेल के मामले में नई सरकार की नीतियों पर सबकी नजर रहेगी। हालांकि यह चौथी बार है, जब दिल्ली के मुख्यमंत्री पद की कमान एक महिला को मिली है, लेकिन भाजपा ने इस बार खासी सीटें जीतने के बाद और इस पद के लिए कई दावेदारियों और जद्दोजहद की खबरों के बीच जिस तरह रेखा गुप्ता को यह जिम्मेदारी सौंपी है, यह अपने आप में एक अहम फैसला है। अब सत्ता संभालने के बाद भाजपा और नवनियुक्त मुख्यमंत्री के सामने एक बड़ी चुनौती यह भी होगी कि आम आदमी पार्टी के शासन को उन्होंने जिन सवालों पर कठघरे में खड़ा किया था, जनता से जो वादे किए थे, उनको पूरा करने के प्रति वे कितनी मजबूत इच्छाशक्ति के साथ काम कर पाती हैं। कई बार चुनावी जीत हासिल करने के लिए प्रचार के दौरान लोकलुभावन घोषणाएं तो कर दी जाती हैं, मगर सत्ता मिलने के बाद उन्हें पूरा करने को लेकर कोई खास रुचि नहीं दिखाई जाती है। ऐसे में यह देखने की बात होगी कि दिल्ली में शासन की कार्यकारी शक्तियों की सीमा में नई मुख्यमंत्री यहां वैसी किन नीतियों पर चलती हैं, जो उन्हें पिछली सरकार के मुकाबले अलग ठहराए ।

हादसे की परतें

भारत के प्रमुख रेलवे स्टेशनों पर त्योहारों और छुट्टियों के दौरान या किसी विशेष आयोजनों के समय डिब्बों से लेकर प्लेटफार्म तक यात्रियों की भीड़ बेतहाशा बढ़ जाती है। नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर पिछले दिनों मची भगदड़ के बाद उठे कई सवालों के बीच दिल्ली उच्च न्यायालय ने एक जरूरी सवाल उठा कर रेलवे की एक सबसे बड़ी खामी की ओर इशारा किया है। आमतौर पर किसी भी रेलगाड़ी में डिब्बों के हिसाब से यात्रियों की संख्या निर्धारित होती है। इसी तरह अनारक्षित श्रेणी के डिब्बे में भी यात्रियों की एक सीमा है। मगर यह देखा गया है कि छुट्टियों और त्योहारों के दौरान गैरआरक्षित टिकटों की विक्री करने में किसी सीमा का ध्यान नहीं रखा जाता। ऐसी स्थिति में सीट मिलना तो दूर, सामान्य डिब्बे में घुसने तक की स्थिति न बन पाने की वजह से कई यात्री आरक्षित डिब्बे में भी सवार हो जाते हैं। इससे पहले से आरक्षित श्रेणी में यात्रा करने वालों को काफी दिक्कत होती है। वहीं अनारक्षित डिब्बे में पैर रखने तक की जगह नहीं होती। कई बार यात्री दरवाजे पर लटके दिखाई देते हैं। ऐसे में स्टेशन पर मची भगदड़ के संदर्भ में उच्च न्यायालय ने उचित सवाल किया है कि डिब्बों की क्षमता से अधिक टिकट बेचे ही क्यों गए। यह प्रश्न स्वाभाविक ही है कि जब रेलवे को मालूम कि स्टेशन से कितनी गाड़ियां रवाना होंगी और एक डिब्बे में अधिकतम कितनी संख्या में लोग यात्रा कर सकते हैं, तो उससे बहुत ज्यादा टिकट कैसे बेचे गए। दरअसल, रेलवे कई बार अपने ही बनाए नियमों की उपेक्षा करता है। उच्च न्यायालय ने इस प्रवृत्ति पर गंभीर सवाल उठाया है। हादसे वाले दिन नई दिल्ली स्टेशन पर अधिक प्लेटफार्म टिकट जारी होने से भी स्थिति बिगड़ी थी। नई दिल्ली स्टेशन पर त्रासद हादसे के बाद कई सख्त नियम-कायदे लागू किए गए, लेकिन दूरदर्शिता के अभाव में भगदड़ और उसके नतीजे में जो हुआ, उससे स्टेशन प्रबंधकों की बदइंतजामी और घोर लापरवाही ही सामने आई नई दिल्ली स्टेशन का जो बुनियादी ढांचा है, वह इतनी बड़ी संख्या में आए यात्रियों की भीड़ को संभाल नहीं पाया। बेहतर होगा कि जिस तरह हवाईअड्डों पर भीड़ प्रबंधन के लिए एक पुख्ता तंत्र है, रेलवे वैसी ही व्यवस्था जल्द अपनाए ।

खास मेहमानों के दीदार के लिए छोड़ा पानी, पिछोला भरने के बाद लिंक नहर के जरिये पहुंचा फतहसागर, बड़ा सवाल-इतनी जल्दी क्या थी?



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर की पिछोला झील के लबालब होने के बाद आज स्वरुपसागर लिंक नहर के गेट खोले दिए गए हैं। इसके बाद अब फिर से फतहसागर में पानी की आवक बढ़ गई है। दरअसल उदयपुर में जल प्रबंधन के राष्ट्रीय कार्यक्रम में अतिथियों को उदयपुर के जल प्रबंधन को दिखाने के लिए देवास परियोजना से पानी छोड़ा गया था। यह पानी सीसारमा होते हुए उदयपुर की पिछोला झील में पहुंचा और पिछोला को भरने के बाद आज पिछोला स्वरूप सागर लिंक नहर के गेट खोले गए। इससे उदयपुर की धड़कन कही जाने वाली फतेहसागर झील में पीने के पानी की आवक और तेज हो गई है। लेकिन सवाल अब भी बरकरार है कि आखिर गर्मियां आने के समय से पहले पहली बार झीलों में पानी क्यों व किसके आदेश पर लाया गया। क्या अधिकारियों की प्रथमिकता में जनता पहले आती है या नेता और अफसर। एक और सवाल जिसका उत्तर नहीं मिला है वो ये है कि पानी पर राष्ट्रीय स्तर के आयोजनों के बावजूद उदयपुर में पेजयल प्रबंधन की हालत आखिर क्यों खस्ता है? क्या कोई इसका जवाब दे पाएगा?

भाई के साथ चाय पी रहे युवक पर हमला, बाइक सवारों ने सीने में मारा चाकू



24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट. उदयपुर। अंबामाता थाना क्षेत्र में मल्लातलाई इलाके में गुरुवार रात एक सनसनीखेज घटना घटी। दुकान पर अपने भाई के साथ चाय पीने आए एक युवक पर बाइक सवार तीन हमलावरों ने अचानक हमला कर दिया। हमलावरों ने युवक पर चाकू से कई वार किए और उसके सीने में चाकू मारकर फरार हो गए। घायल युवक को तुरंत एमबी हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने बताया कि रात करीब 11 बजे मल्लातलाई चौराहे पर हुई। पीड़ित फैजान और उसका साथी अमान चाय पी रहे थे, तभी बाइक पर आए दो से तीन युवकों ने उन पर हमला बोल दिया। एक हमलावर ने फैजान के सीने पर चाकू से वार किया और फिर सभी मौके से भाग निकले। पीड़ित के परिजनों ने इस मामले में पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। पुरानी दुश्मनी बनी हमले की वजह फैजान ने बताया कि यह हमला पुरानी रंजिश का नतीजा है। उसने कहा, "एक महीने पहले जब मैं बाहर खाना खाने गया था, तब भी मुझ पर हमले की कोशिश हुई थी। गुरुवार रात मैं और मेरा साथी चाय पी रहे थे। चाय पीने के बाद जैसे ही मैंने बाइक घुमाई, हमलावरों ने अपनी बाइक मेरे सामने लगाकर रास्ता रोक लिया। इसके बाद उन्होंने चाकू से ताबड़तोड़ वार शुरू कर दिए।" फैजान के पिता आरिफ ने पुलिस से गुहार लगाई है कि इस मामले में जल्द से जल्द आरोपियों को पकड़ा जाए और उन्हें कड़ी सजा दी जाए।

उदयपुर में भी खुलेगा कामकाजी महिला हॉस्टल, भूमि का आवंटन

24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट. जयपुर। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री श्री अविनाश गहलोत ने शुक्रवार को विधानसभा में कहा कि प्रदेश के सभी जिलों में चरणबद्ध तरीके से कामकाजी महिला हॉस्टल खोले जाएंगे। उन्होंने कहा कि कामकाजी महिला हॉस्टल के निर्माण के लिए 30 जिला मुख्यालयों पर भूमि का आवंटन हो चुका है तथा 11 जिला मुख्यालयों पर भूमि आवंटन की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है।

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री प्रश्नकाल के दौरान सदस्यों द्वारा इस संबंध में पूछे गए पूरक प्रश्नों का जवाब दे रहे थे। उन्होंने कहा कि कामकाजी महिला निवास योजना के भवन निर्माण के लिए भारत सरकार द्वारा मांगे जाने पर स्कीम फॉर स्पेशल असिस्टेंस टू स्टेट्स फॉर कैपिटल इन्वेस्टमेंट 2024कृ25 के अन्तर्गत जारी गाइडलाइन पार्टकृएक्स (कंस्ट्रक्शन आफ वर्किंग वूमन हॉस्टल्स) के तहत राजस्थान राज्य के लिए 165.32 करोड़ रुपए की डीपीआर मय रिपोर्ट बजट मांग के लिए प्रस्ताव महिला एवं बाल विकास मंत्रालय भारत सरकार को 24 जनवरी 2025 को भिजवाए गए हैं। उन्होंने बताया कि कामकाजी महिला निवास योजना के संचालन के लिए सभी संभाग मुख्यालयों (अजमेर, जोधपुर, जयपुर, बीकानेर, उदयपुर, कोटा, भरतपुर) पर भवन निर्माण हेतु भूमि आवंटित करवाई जा चुकी है। उन्होंने उक्त बजट घोषणा की अनुपालना में कामकाजी महिला निवास योजना के संचालन के लिए दिशाकृनिर्देश भी सदन के पटल पर रखे।

इससे पहले विधायक श्रीमती अनिता भदेल के मूल प्रश्न के लिखित जवाब में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री ने कहा कि 23 जिला मुख्यालयों (सीकर, पाली, चूरू, बून्दी, झालावाड़, चित्तोड़गढ, बारां, करौली, श्रीगंगानगर, सवाईमाधोपुर, अलवर, भीलवाड़ा, जालोर, डूंगरपुर, नागौर, जैसलमेर, झुन्झुनूं, टोंक, हनुमानगढ़, दौसा, सिरोही, ब्यावर, डीडवानाकृकुचामन) पर भूमि आवंटित करवाई जा चुकी है। 11 जिला मुख्यालयों (बांसवाड़ा, बाड़मेर, राजसमन्द, प्रतापगढ़, धौलपुर, बालोतरा, डीग, खैरथल तिजारा, कोटपूतली बहरोड़, फलौदी, सलूम्बर) पर भूमि आवंटित की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। उन्होंने बताया कि राजसमंद में जिला स्तरीय कमेटी के माध्यम से यह प्रक्रियाधीन है। उन्होंने आश्वस्त करते हुए कहा कि इसी वित्तीय वर्ष में भूमि आवंटित कराने के प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि कामकाजी महिला निवास योजना के संचालन हेतु सभी जिला मुख्यालयों पर किराये के भवनों में संचालन के लिये अभिरूचि की अभिव्यक्ति 12 फरवरी 2025 को समाचार पत्रों में प्रकाशित करवा इच्छुक संचालनकर्ता संस्थाओं से दिनांक 10 मार्च 2025 तक प्रस्ताव जिला कार्यालयों में आमंत्रित किये गये हैं। श्री गहलोत ने पूर्ववर्ती सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि पूर्व सरकार ने बजट घोषणा 23कृ24 में संभाग स्तर पर 100 तथा जिला मुख्यालय स्तर पर 50 महिलाओं के रहने के लिए इंदिरा गांधी वर्किंग वूमन हॉस्टल्स प्रारंभ करने की घोषणा की थी, लेकिन इनके पेटे किसी भी राशि का कोई प्रावधान नहीं किया और कोई हॉस्टल नहीं खोला। वर्तमान सरकार ने मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में पहले बजट में ही 165 करोड़ रुपए के प्रस्ताव केंद्र सरकार को भेज दिए हैं।

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री ने 2024कृ25 में संभाग स्तर पर बालिका सैनिक स्कूल स्थापित किए जाने के जवाब में कहा कि अजमेर जिले के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय हाथीखेड़ा में 15 एकड़ भूमि चयनित कर ली गई है। अजमेर विकास प्राधिकरण के पास यह प्रस्ताव प्रक्रियाधीन है। उन्होंने संभाग मुख्यालय पर सैनिक स्कूल के लिए अब तक की गई कार्यवाही का विवरण भी सदन की मेज पर रखा।

तेजल सुपर डूपर...सॉन्ग के गायक राजू पर जानलेवा हमला



24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट. भीलवाड़ा। राजस्थानी सिंगर राजू रावल पर गुरुवार की रात कुछ लोगों ने हमला कर दिया, जिसमें उनकी आंख और सिर पर गंभीर चोटें आई हैं। घटना के बाद गुस्साए लोगों ने थाने पर प्रदर्शन किया और आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की। पुलिस ने इस मामले में 3 युवकों को हिरासत में लिया है। राजू रावल के अनुसार, वह एक फंक्शन अटेंड करने के बाद आसींद से नेगडिया की ओर जा रहे थे। रास्ते में नदी के पास एक ट्रैक्टर खड़ा था। उन्होंने वहां मौजूद लोगों से ट्रैक्टर को थोड़ा साइड में करने के लिए कहा। इसी दौरान एक घर से कुछ लोग बाहर आए और गाली-गलौज करने लगे। उन्होंने ट्रैक्टर हटाने से इनकार कर दिया और विवाद बढ़ने पर सरिए और लाठियों से हमला कर दिया। राजू ने बताया कि उनके साथ दो-तीन दोस्त भी थे, और ऐसा लगा जैसे हमलावरों को उनसे कोई पुरानी रंजिश थी। इस हमले में उनकी आंख और सिर पर चोटें आईं, साथ ही उनकी कार को भी नुकसान पहुंचाया गया।

थाने में हंगामा और पुलिस की कार्रवाई

घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू की। इस बीच, हिंदू संगठनों के पदाधिकारी और राजू रावल के समर्थक थाने पर इकट्ठा हो गए और आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। आसींद के डिप्टी एसपी ओम प्रकाश ने बताया कि नेगडिया रोड पर दो पक्षों के बीच विवाद हुआ था। इस दौरान दूसरे पक्ष के आरोपियों ने सिंगर राजू रावल और उनके साथियों पर हमला कर दिया। पुलिस ने 3 आरोपियों को हिरासत में ले लिया है और नियमानुसार रिपोर्ट दर्ज कर प्रार्थी का मेडिकल करवाया गया है। मामले की आगे जांच जारी है।

सोशल मीडिया पर अफवाहों से बचने की अपील

डिप्टी एसपी ने लोगों से आग्रह किया कि वे घटना से संबंधित किसी भी प्रकार का भ्रामक प्रचार सोशल मीडिया पर न करें और न ही किसी अफवाह के झांसे में आएं। राजू रावल एक प्रसिद्ध राजस्थानी सिंगर हैं। उनका 'तेजल सुपर डूपर' सॉन्ग विधानसभा चुनाव के दौरान काफ़ी लोकप्रिय हुआ था, जिस पर कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने गमछा डांस किया था। इसके अलावा भी राजू रावल के कई गाने सोशल मीडिया पर लोगों को काफी पसंद आए हैं।

उदयपुर पुलिस की बड़ी कार्रवाई: 30.66 ग्राम एम.डी.एम.ए. जब्त, एक आरोपी गिरफ्तार



24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट उदयपुर। अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत उदयपुर पुलिस को एक और बड़ी सफलता मिली है। जिला पुलिस अधीक्षकयोगेश गोयल के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंजना सुखवाल और वृताधिकारी वृत ऋषभदेव राजीव राहर के सुपरविजन में, खेरवाड़ा थानाधिकारी श्री दलपत सिंह राठौड़ एवं उनकी टीम ने बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया। गुप्त सूचना के आधार पर, खेरवाड़ा पुलिस द्वारा जवास रोड पर नाकाबंदी की गई। इस दौरान पुलिस ने मोहम्मद अफजल अली (पुत्र अब्दुल रज्जाक), निवासी करावाडा, थाना पहाड़ा, जिला उदयपुर को संदिग्ध रूप से पकड़कर तलाशी ली। तलाशी के दौरान आरोपी के पास से 30.66 ग्राम एम.डी.एम.ए. (मिथाइलेंडाईऑक्सी-मेथएम्फेटामाइन) बरामद हुआ। जब्त किए गए एम.डी.एम.ए. की अनुमानित कीमत लगभग 15 लाख रुपए आंकी गई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एन.डी.पी.एस. एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया। आरोपी से पूछताछ की जा रही है और इस मामले में आगे की जांच जारी है। पुलिस अब आरोपी से पूछताछ कर यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि वह यह नशीला पदार्थ कहां से लाया था और इसे कहां सप्लाई करने वाला था। पुलिस इस बात की भी जांच कर रही है कि आरोपी के पीछे कोई बड़ा गिरोह तो सक्रिय नहीं है।

प्रदेश में ढाई लाख लीटर से अधिक वॉश नष्ट - 762 केस दर्ज

24 न्यूज अपडेट

उदयपुर, 20 फरवरी। आबकारी आयुक्त शिवप्रसाद नकाते के निर्देशानुसार प्रदेश में अवैध मदिरा निर्माण, भण्डारण, परिवहन एवं विक्रय पर अंकुश लगाने हेतु जारी विशेष निरोधात्मक अभियान के तहत प्रभावी कार्यवाही करते हुए जनवरी माह में ढाई लाख लीटर से अधिक वॉश नष्ट करने के साथ 762 केस दर्ज किए गए। आबकारी आयुक्त के अनुसार प्रदेश में जारी विशेष निरोधात्मक अभियान के तहत आबकारी विभाग द्वारा प्रभावी कार्यवाही की गई है। प्रदेश में जनवरी माह में 2 लाख 66 हजार 357 लीटर वॉश नष्ट किया गया। इसी क्रम में भारत निर्मित विदेशी मदिरा की 15292, देशी मदिरा की 5461, अवैध मदिरा की 5244, बीयर की 1064 बोतल सहित 8 किलोग्राम भांग व 15 लीटर स्प्रिट सीज किया गया। अतिरिक्त आबकारी आयुक्त प्रदीप सिंह सांगावत ने बताया कि प्रदेश में विशेष निरोधात्मक अभियान के तहत जनवरी माह में अवैध मदिरा निर्माण, भण्डारण, परिवहन एवं विक्रय में संलिप्तता पर राजस्थान आबकारी अधिनियम के तहत 762 केस दर्ज करते हुए 589 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया। अवैध मदिरा परिवहन के तहत 15 दुपहिया वाहन, 2 हल्के चार पहिया वाहन एवं 2 भारी चार पहिया वाहनों सहित 19 वाहनों को सीज किया गया है।

हाईकोर्ट ने SI भर्ती में सरकार को दिए 2 महीने:कहा- किसी भी तरह का फैसला लेने की छूट; फील्ड पोस्टिंग पर रोक रहेगी



24 न्यूज अपडेट

सब इंस्पेक्टर (SI) भर्ती मामले में हाईकोर्ट ने सरकार को 2 महीने का समय दिया है, लेकिन भर्ती में फील्ड पोस्टिंग पर रोक जारी रहेगी। राज्य सरकार किसी भी तरह का निर्णय लेने के लिए स्वतंत्र रहेगी। निर्णय के बाद सरकार अपनी रिपोर्ट हाईकोर्ट में पेश करेगी। अब मामले की अगली सुनवाई 2 मई को होगी। दरअसल, गुरुवार को सरकार ने अंतिम निर्णय के लिए 4 महीने का समय मांगा था। हालांकि हाईकोर्ट ने कहा था- 4 माह का समय बहुत अधिक है। दो महीने में निर्णय लिया जा सकता है। फिर भी हम सरकार को तीन महीने का समय देने के लिए तैयार हैं।

भर्ती रद्द कराना चाहते हैं याचिकाकर्ता

मामले में याचिकाकर्ताओं के अलावा सरकार, ट्रेनी एसआई पक्षकार हैं। याचिकाकर्ताओं का कहना है कि भर्ती को निरस्त किया जाना चाहिए। क्योंकि एसओजी, पुलिस मुख्यालय, एजी और कैबिनेट सब कमेटी भर्ती रद्द करने की सिफारिश कर चुके हैं।

वहीं, ट्रेनिंग ले रहे सब इंस्पेक्टर्स का कहना है कि पेपर लीक में हमारी कोई संलिप्तता नहीं है। हमने इस नौकरी के लिए अन्य सरकारी नौकरी छोड़ी है। ऐसे में अगर भर्ती रद्द होती है, तो हमारे साथ अन्याय होगा।

पेपर लीक से हुआ था खुलासा

सब इंस्पेक्टर भर्ती 2021 परीक्षा का पेपर लीक हो गया था। एसओजी की जांच में कई डमी कैंडिडेट बैठाने का मामला भी सामने आया था। जांच में सामने आया था कि फर्जीवाड़ा करके कई अभ्यर्थियों ने नौकरी हासिल कर ली है। करीब 50 ट्रेनी एसआई को एसओजी अरेस्ट कर चुकी है, जिनमें से 25 को हाईकोर्ट से जमानत मिल गई थी।

मदन राठौड़ होंगे भाजपा प्रदेशाध्यक्ष:आज भरा नामांकन; सीएम भजनलाल शर्मा, पूर्व सीएम वसुंधरा राजे प्रस्तावक बनीं



24 न्यूज अपडेट

मदन राठौड़ का भाजपा प्रदेशाध्यक्ष बनना तय हो गया है। आज पार्टी कार्यालय में प्रदेशाध्यक्ष पद के लिए नामांकन पत्र भरे गए। मदन राठौड़ के अलावा किसी भी दूसरे नेता ने फॉर्म नहीं भरा। ऐसे में उनका प्रदेशाध्यक्ष बनना फाइनल है। हालांकि इसकी आधिकारिक घोषणा शनिवार सुबह 11 बजे होगी। इससे पहले मदन राठौड़ के सीएम भजनलाल शर्मा, पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे, पूर्व प्रदेशाध्यक्ष अरुण चतुर्वेदी, शहर जिला अध्यक्ष अमित गोयल सहित पांच प्रस्तावक बने। शाम साढ़े 4 बजे तक नामांकन भरे गए। इसके बाद नामांकन पत्रों की जांच की गई। चुनाव प्रभारी गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय भाई रूपाणी ने कहा- नामांकन फॉर्म भरने का समय पूरा हो गया, आज हमें पांच नामांकन फॉर्म के सेट मिले हैं। जिनमें एक ही नाम मदन राठौड़ का है। उन्होंने बताया कि शनिवार सुबह 11 बजे चुनाव परिणाम की आधिकारिक घोषणा होगी। प्रदेशाध्यक्ष चुनाव के लिए प्रदेश प्रभारी राधामोहन दास अग्रवाल को केन्द्रीय पर्यवेक्षक नियुक्त किया था। प्रदेशाध्यक्ष के साथ ही प्रदेश से 25 राष्ट्रीय परिषद सदस्यों का भी निर्वाचन होगा। जो राष्ट्रीय अध्यक्ष की चुनाव प्रक्रिया में शामिल होंगे।

स्कूटी वितरण योजना की प्रक्रिया बाधित करने वाले डीलर के विरुद्ध जाँच प्रक्रियाधीन है - उच्च शिक्षा मंत्री

24 न्यूज अपडेट

जयपुर, 21 फरवरी। उच्च शिक्षा मंत्री श्री प्रेमचंद बैरवा ने शुक्रवार को विधानसभा में कहा कि कालीबाई भील मेधावी छात्रा एवं देवनारायण छात्रा स्कूटी वितरण योजना के तहत स्कूटी वितरण प्रक्रिया बाधित करने वाले डीलर के विरुद्ध जाँच प्रक्रियाधीन है। उच्च शिक्षा मंत्री प्रश्नकाल के दौरान सदस्य द्वारा इस सम्बन्ध में पूछे गए पूरक का जवाब दे रहे थे। उन्होंने कहा कि राजसमंद जिले में योजना के तहत चयनित बालिकाओं की संख्या 92 थी। जिनमें से 68 बालिकाओं को पूर्व में स्कूटी का वितरण कर दिया गया था एवं वर्तमान सरकार द्वारा अब तक 23 स्कूटी वितरित कर दी गई है एवं 1 शेष रही है। वर्ष 2022-23 में 167 बालिकाओं को स्कूटी वितरण किया जाना था। जिनमें से गत सरकार द्वारा एक भी स्कूटी वितरित नहीं किया । वर्तमान सरकार ने इनमें से 129 स्कूटी का वितरण कर दिया है एवं 38 स्कूटी का वितरण शेष है। इसी तरह वर्ष 2023-24 में वितरित की जाने वाली 275 स्कूटी में से गत सरकार द्वारा एक भी स्कूटी का वतरण नहीं किया गया एवं वर्तमान सरकार ने इनमें से 125 स्कूटी वितरित कर दी है तथा 150 स्कूटी का वितरण शेष है। श्री बैरवा ने बताया कि वर्ष 2021-22 में 11,300 स्कूटी के लिए राज्य सरक़ार द्वारा 69 करोड़ 50 लाख 95 हजार का भुगतान किया गया था। गत सरकार द्वारा 4971 स्कूटी एवं वर्तमान सरकार द्वारा 5301 स्कूटी सहित कुल 10,272 स्कूटी वितरित कर दी गई है तथा 1089 स्कूटी का वितरण होना शेष है। वर्ष 2022-23 में 16,901 स्कूटी के लिए 32 करोड़ 82 लाख 62 हजार का भुगतान किया गया था। जिनमें से गत सरकार ने एक भी स्कूटी का वितरण नहीं किया । वर्तमान सरकार द्वारा 4851 स्कूटी वितरित की गई , साथ ही 12,151 स्कूटी का वितरण शेष है। उन्होंने जानकारी दी कि 2023-24 का स्कूटी के लिए भुगतान नहीं किया गया है वेंडर से 8808 प्राप्त कर ली गई है । वितरित एवं शेष 12,454 स्कूटी वितरण की प्रक्रिया चल रही है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2021-22 एवं 2022-23 में 28,262 स्कूटी में से वर्तमान सरकार द्वारा 15,123 स्कूटी वितरित कर दी गई एवं गत सरकार द्वारा वितरित नहीं हुई 1437 स्कूटी एवं शेष स्कूटी के वितरण को बाधित करने वाले सम्बंधित डीलर पर कार्यवाही की प्रक्रिया चल रही है। इससे पहले विधायक श्रीमती दीप्ती किरण माहेश्वरी के मूल प्रश्न के लिखित जवाब में उच्च शिक्षा मंत्री ने कालीबाई भील मेधावी छात्रा एवं देवनारायण छात्रा स्कूटी वितरण योजना के अन्तर्गत वर्ष 2021-22 से वर्ष 2024-25 तक चयनित छात्राओं की सूची, वर्षवार वितरण प्रक्रिया प्रांरभ करने का माह, वर्षवार वितरण से शेष रही स्कूटियों का विवरण सदन के पटल पर रखा। उन्होंने वर्ष 2021-22 से 2024-25 तक माहवार चयनित स्कूटियों को वितरण केन्द्रों तक पहुँचाने की सूचना को सदन के पटल पर रखा।

उन्होंने बताया कि वर्ष 2021-22 एवं 2022-23 के चयनित अभ्यर्थियो को स्कूटी वितरण हेतु प्रथम बार ई-रूपी वाउचर को लागू किया जाने, कोविड 19 महामारी के कारण स्कूटी वितरण प्रक्रिया बाधित होने, राजस्थान विधानसभा आम चुनाव 2023 के दौरान 9 अक्टूबर, 2023 से 3 दिसम्बर, 2023 तक एवं लोकसभा आम चुनाव 2024 के दौरान 16 मार्च, 2024 से 04 जून, 2024 तक आचार संहिता लागू होने के कारण योजना के प्रभावी क्रियान्वयन एवं वितरण में देरी हुई।

ग्राहक पंचायत संगठन के पालीवाल पुनः प्रांत संगठन मंत्री बने



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर l अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत के जयपुर, जोधपुर एवं चितौड़ प्रांत के क्षेत्रीय अभ्यास वर्ग का आयोजन हुआ l इसमें संगठन के विस्तार करने, ग्राहकों के अधिकारों एवं कर्त्तव्य के बारे में एवं महिलाओं को संगठन में जोड कर शोषण मुक्त समाज बनाने का निर्णय लिए गए l इसमें चितौड़ प्रांत के अध्यक्ष रोशनलाल तोतला , सचिव प्रमोद राठौर एवं प्रांत संगठन मंत्री राकेश पालीवाल को दायित्व दिया गया l इस कार्यकारणी का कार्यकाल 3 वर्ष तक रहेगा l पालीवाल ने चितौड़ प्रांत के 14 जिलों में पुनः कार्यकारणी बनवाकर संगठन को मजबूत बनाने की बात कही l यह जानकारी पंचायत के जिला मंत्री नारायण पंचोली ने दी l



महाकुंभ मेले में रेलवे द्वारा स्पेशल ट्रेनों के संचालन के साथ-साथ विशेष यात्री सुविधाएं, उत्तर पश्चिम रेलवे द्वारा 18 स्पेशल ट्रेनों से लगभग 1 लाख यात्री प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ में पहुंचे

जयपुर, अजमेर, उदयपुर सिटी, श्रीगंगानगर, जोधपुर, बाडमेर और बीकानेर से स्पेशल ट्रेनों का किया गया संचालन



24 न्यूज अपडेट

भारतीय रेलवे द्वारा महाकुंभ मेला 2025 में श्रृद्वालुओं की सुविधा के लिए विशेष प्रयास किए जा रहे हैं ताकि महाकुंभ में आने वाले यात्रियों को सुगम रेल परिवहन के साथ-साथ बेहतर यात्री सुविधाएं प्रदान की जा सके। भारतीय रेलवे द्वारा महाकुंभ के लिए बडी संख्या में स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया जा रहा है जिससे लाखों यात्री विभिन्न स्थानों से प्रयागराज महाकुंभ में पहुंच रहे हैं। 27 फरवरी 2025 तक आयोजित होने वाले महाकुंभ मेले में लगभग 1 करोड़ श्रद्वालुओं के रेल मार्ग से पहुंचने का अनुमान है, इसके अनुसार रेलवे द्वारा व्यापक स्तर पर व्यवस्था की जा रही है।

प्रयागराज शहर क्षेत्राधिकार में 9 स्टेशन है जहां से विभिन्न गंतव्य के लिए यात्री रेल सुविधा का लाभ प्राप्त कर सकते है। प्रयागराज जं., प्रयाग, नैनी जं., प्रयागराज छिक्की, सूबेदारगंज, प्रयागराज संगम, फाफामऊ, प्रयागराज रामबाग और झूंसी स्टेशनों पर यात्रियों के लिए रेलवे द्वारा विशेष व्यवस्था की गई है। महाकुंभ के लिए स्टेशनों पर 7 नए प्लेटफार्म का निर्माण किया गया है। वर्तमान में प्रयागराज शहर के 9 स्टेशनों पर 48 प्लेटफार्म उपलब्ध करवाए गए है। रेलवे द्वारा महाकुंभ मेले में यात्री सुविधाओं से सम्बंधित कार्यों पर 4000 करोड़ रूपए से अधिक की लागत के कार्य किए गए है। सूबेदारगंज स्टेशन को टर्मिनल स्टेशन के रूप में विकसित किया गया है ताकि इस स्टेशन से ट्रेनों को आरम्भ व टर्मिनेट किया जा सके।

महाकुंभ मेला 2025 में वर्तमान में आने वाले श्रृद्वालुओं को देखते हुए उत्तर पश्चिम रेलवे द्वारा 18 स्पेशल ट्रेनों के 27 ट्रिप का संचालन किया गया जिसमें लगभग 1 लाख यात्री लाभान्वित हुए हैं। यह स्पेशल रेलसेवाएं उत्तर पश्चिम रेलवे के विभिन्न स्टेशनों जैसे उदयपुर सिटी, बाडमेर, श्रीगंगानगर, अजमेर, जयपुर, जोधपुर, बीकानेर से संचालित की जा रही है। इसके साथ ही स्टेशनों पर आने वाले यात्रियों के लिए वेटिंग रूम और वेटिंग हॉल, रिटायरिंग रूम व डोरमेट्री, व्हील चेयर, सहायता बूथ, उद्घोषणा प्रणाली, टिकट काउंटर, प्राथमिक चिकित्सा बूथ व क्लॉक रूम की सुविधा नियमित रूप से उपलब्ध करवाई गई है। स्टेशनों पर सुदृढ़ सुरक्षा व्यवस्था के लिए पर्याप्त संख्या में रेलवे सुरक्षा बल के कर्मी तैनात किए गए है।

उत्तर पश्चिम रेलवे पर बाडमेर-बरौनी-बाडमेर स्पेशल रेलसेवा (4 ट्रिप), उदयपुर सिटी-धनबाद-उदयपुर सिटी (1 ट्रिप), श्रीगंगानगर-बरौनी-श्रीगंगानगर (2 ट्रिप), अजमेर-धनबाद-अजमेर (1 ट्रिप), भगत की कोठी-पाटलिपुत्र-भगत की कोठी (1 ट्रिप), भगत की कोठी-पाटलिपुत्र-भगत की कोठी (1 ट्रिप), बीकानेर-पाटलिपुत्र-बीकानेर (2 ट्रिप) एवं श्रीगंगानगर-कोलकाता-श्रीगंगानगर (2 ट्रिप-19.02.25 व 26.02.25) का संचालन किया गया जिसमें लगभग 47000 यात्रियों ने पूर्व में आरक्षण करवाकर सुगम यात्रा की तथा इसके साथ ही लगभग 50000 यात्री साधारण श्रेणी के डिब्बों के माध्यम से महाकुंभ के लिए प्रयागराज पहुंचे। रेलवे द्वारा लगातार समीक्षा कर स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया जा रहा है और साथ ही रेलवे व्यवस्थाओं की मॉनिटरिंग की जा रही है।

उत्तर पश्चिम रेलवे द्वारा महाकुंभ के लिए जाने वाले यात्रियों को सुविधा व जानकारी के लिए महाकुंभ 2025 बुकलेट का वितरण भी स्पेशल ट्रेनों में किया गया।

उदयपुर सिटी-खजुराहो सहित 7 जोडी रेलसेवाओं में डिब्बों की स्थाई बढोत्तरी



24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट उदयपुर। रेलवे द्वारा यात्रियों को सुगम, सुरक्षित एवं आरामदायक यात्रा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 07 जोडी रेलसेवाओं में डिब्बो की स्थाई बढोतरी की जा रही है। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जन सम्पर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण के अनुसार-

1.गाडी संख्या 19666/19665,
उदयपुर सिटी-खजुराहो-उदयपुर सिटी रेलसेवा में उदयपुर सिटी से दिनांक 01.03.25 तथा खजुराहो से दिनांक 03.03.25 से 01 साधारण श्रेणी डिब्बे की स्थाई बढोतरी की जा रही है।

2.गाडी संख्या 22483/22484, जोधपुर
गांधीधाम-जोधपुर रेलसेवा में जोधपुर से दिनांक 01.03.25 तथा गांधीधाम से दिनांक 02.03.25 से 01 सैकण्ड एसी श्रेणी डिब्बे व 01 द्वितीय शयनयान श्रेणी डिब्बे की स्थाई बढोतरी की जा रही है।

3.गाडी संख्या 14888/14887, बाडमेर-ऋषिकेश बाडमेर रेलसेवा में बाडमेर से दिनांक 01.03.25 तथा ऋषिकेश से दिनांक 03.03.25 से 01 द्वितीय शयनयान श्रेणी डिब्बे की स्थाई बढोतरी की जा रही है।

4.गाडी संख्या 14816/14815, ऋषिकेश-श्रीगंगानगर - ऋषिकेश रेलसेवा में ऋषिकेश से दिनांक 02.03.25 तथा श्रीगंगानगर से दिनांक 03.03.25 से 01 द्वितीय शयनयान श्रेणी डिब्बे की स्थाई बढोतरी की जा रही है।

5.गाडी संख्या 22464/22463, बीकानेर-दिल्ली सराय-बीकानेर रेलसेवा में बीकानेर से दिनांक 01.03.25 तथा दिल्ली सराय से दिनांक 02.03.25 से 01 थर्ड एसी श्रेणी डिब्बे व 02 द्वितीय शयनयान श्रेणी डिब्बे की स्थाई बढोतरी की जा रही है।

6.गाडी संख्या 14714/14713, दिल्ली सराय-सीकर-दिल्ली सराय रेलसेवा में दिल्ली सराय से दिनांक 05.03.25 तथा सीकर से दिनांक 05.03.25 से 01 थर्ड एसी श्रेणी डिब्बे व 02 द्वितीय शयनयान श्रेणी डिब्बे की स्थाई बढोतरी की जा रही है।

7.गाडी संख्या 12463/12464, दिल्ली सराय-जोधपुर-दिल्ली सराय रेलसेवा में दिल्ली सराय से दिनांक 05.03.25 तथा जोधपुर से दिनांक 06.03.25 से 01 थर्ड एसी श्रेणी डिब्बे व 02 द्वितीय शयनयान श्रेणी डिब्बे की स्थाई बढोतरी की जा रही है।


पुलिस सिपाहियों को 150 रुपए साइकिल भत्ता आज के युग में अप्रासंगिक : विश्वराजसिंह मेवाड़



24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट. नाथद्वारा। नाथद्वारा विधायक विश्वराज सिंह मेवाड़ ने विधानसभा में पुलिस की विभिन्न समस्याओं का समाधान करने और पुलिस के आधुनिकीकरण की मांग उठाई है। उन्होंने विधानसभा में कहा कि महत्वपूर्ण सुविधाओं के अभाव में पुलिस में क्षमता में कमी आ रही है। साइबर अपराध तेजी से बढ़े हैं, एआई आने से ऐसे अपराध और बढ़े है, तकनीकी दक्ष कार्मिकों की भर्ती जरूरी है, आपराधिक कानून लागू होने से सभी अनुसंधान ऑनलाइन हो गए है, लेकिन अधिकारियों को इलेक्ट्रॉनिक उपकरण की सुविधा पूर्ण रूप से उपलब्ध नहीं है, कई बार तो स्टेशनरी भी नहीं मिलती। पुलिस सिपाहियों को 150 रुपए साइकिल भत्ता मिलता है जो आज के युग में अप्रासंगिक है। फील्ड पोस्टिंग का भत्ता भी प्रासंगिक नहीं है। कॉन्स्टेबल का ग्रेड पे 2400 है, सिपाही से निरीक्षक तक हर स्तर पर मैस भत्ता भी बढ़ाने की जरूरत है। पुलिस कर्मियों को पर्याप्त क्वार्टर थाना स्तर पर पर्याप्त उपलब्ध नहीं है। घर से आने-जाने के लिए वाहन और वाहन भत्ता भी उपलब्ध नहीं है। ऐसे में पुलिस परिवार के प्रति अपनी जिम्मेदारी कैसे निभाए। उन्होंने कहा कि पुलिस प्रक्रिया में संतुलन और आधुनिकीकरण आवश्यक है।

24 न्यूज अपडेट की खबर का असर, वेतन देने के आदेश जारी, बड़ा सवाल-किसके आदेश पर बार-बार रूक रहा है वेतन??



MOHANLAL SUKHADIA UNIVERSITY, UDAIPUR

No. PD/SSS/2024-25/438 Dated: 21/2/2025

ORDER

In pursuance of the Registrar office order No. F.6(251)/ MLSU/ Estt./Gr.II/ 2025/1266 dated 09-01-2025, I am directed to convey financial approval for payment of honorarium for the existing service consultants (SFAB staff) who are working in the ADM Office/College's/Departments and other units for the period of 01-01-2025 to 28-02-2025.


Expenditure be incurred as per University rules & procedure in this behalf & it shall be met out from the appropriate budget heads of "SSF" of the Concerned units 2024-25.

Copy to:- COMPTROLLER

24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट, उदयपुर। उदयपुर के मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय में एसएफएबी कर्मचारियों को जनवरी तक का वेतन नहीं मिलने पर 24 न्यूज अपडेट में खबर प्रकाशित, प्रसारित होने के बाद सुविवि प्रशासन सकते में आ गया और आज वेतन के आदेश जारी कर दिए। वित्त नियंत्रक के जनवरी व फरवरी के वेतन के आदेश जारी किए हैं। इससे कर्मचारियों को राहत मिल पाएगी। अब सबसे बड़ा सवाल यह उठ रहा है कि जब काम के बदले वेतन देना ही है तो फिर ऐसे कौन से अफसर, कर्मचारी और मोटी कुर्सी पर बैठे हुए लोग हैं जो हर बार फैसला करने में देरी कर रहे हैं? जबकि सरकारी आदेश आ चुका है कि इन कर्मचारियों को दिसंबर तक काम पर रखना है। ऐसे में सुविवि में ऐसा क्या व किसके आदेश पर हो रहा है कि वेतन हीं नहीं बनवाया जा रहा है। क्या कोई हड़ताल से खफा है या फिर कहीं किसी की टसल चल रही है, यह चर्चा का विषय बन गया है। जबकि अन्य कर्मचारियों का वेतन नियमित रूप से बन रहा है। ऐसे में सवाल उठता है कि जब सब पर वेतन की कृपा हो जाती है तो एसएफएबी के कर्मचारियों की किरपा आखिर किसके आदेश पर रूक जाती है। क्योंकि ऐसा तो है नहीं कि इनके वेतन के कागज तैयार करने लिए कोई अतिरिक्त परिश्रम करना पड़ता हो, हर चीज चैनलाइज व प्री प्लांड है तो फिर वेतन रूक कहां पर जाता है। बहरहाल देर आए दुरूस्त आए आदेश ने एसएफएबी के कर्मचारियों के चेहरों पर खुशी की लहर ला दी है। इसमें वित्त नियत्रक ने लिखा है कि रजिस्ट्रार कार्यालय के आदेश दिनांक 9 जनवरी के अनुसरण में, मुझे एडीएम कार्यालय/कॉलेज/विभागों और अन्य इकाइयों में कार्यरत मौजूदा सेवा सलाहकारों (एसएफएबी स्टाफ) के लिए 01-01-2025 से 28-02-2025 की अवधि के लिए मानदेय के भुगतान के लिए वित्तीय स्वीकृति देने का निर्देश दिया गया है। इस संबंध में विश्वविद्यालय के नियमों और प्रक्रिया के अनुसार व्यय किया जाएगा और इसे संबंधित इकाइयों के "एसएसएफ" के उपयुक्त बजट शीर्ष 2024-25 से पूरा किया जाएगा। सवाल उठता है कि यह निर्देश पहले क्यों नहीं दिया गया? बहरहाल अभी तो सुविवि में एसएफएबी कर्मचारियों के समय को लेकर जो आदेश आया है वह भी चर्चा का विषय बना हुआ है।

खाटूश्याम फागोत्सव आज सायंकाल तुलसीदास सराय मे, ढप चंग धमाल के साथ खेलेंगे फूलों की होली



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर, श्री श्याम सेवा ट्रस्ट के तुलसीदास जी की सराय डबोक एयरपोर्ट रोड मे निर्माणाधीन श्री श्याम मन्दिर प्रांगण मे आज 22 फरवरी शनिवार को सायंकाल 7 बजे से खाटूश्याम जी की तर्ज पर भव्य श्याम फागोत्सव मनाया जा रहा है। ट्रस्ट अध्यक्ष शशिकांत खेतान ने बताया कि जयपुर से धमाल सम्राट भजन गायक मनीष गर्ग घीवाला अपने आठ वर्षीय पुत्र मास्टर रेहांश और टीम के साथ ढप चंग की थाप पर धमाल मचाने आ रहे है। सुविख्यात केमिता जी राठौड श्याम बाबा और भक्तो के साथ फूलो की होली खेलेगी। इनके अलावा 10 और भजन गायक फागोत्सव भजनो से हाजिरि लगायेंगे। खेतान के अनुसार पाण्डाल मे अधिक से अधिक भक्त बैठकर भजनो का आनन्द ले सके, व्यवस्था की जा रही है। हिमांशु साउण्ड की मधुर ध्वनि, नीमच से उमेश म्यूजिकल ग्रुप, श्रृंगार दरबार सजाने के लिए साँवरिया डेकोरेटर जयपुर से आ गये है, जो दरबार को भव्य रुप देने मे जुटे है। दरबार के समक्ष खीर चूरमा तुलसी पत्र सहित छप्पन भोग प्रसाद धराया जायेगा। आरती पश्चात सभी को महाप्रसाद परोसा जाएगा।

महिला समाज और इनरव्हील ने मनाया फागुन उत्सव, काम वाली बाईजी की बेटी को दिए शादी के तोहफे



24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट. उदयपुर। महिला समाज सोसायटी और इनरव्हील क्लब की ओर से गुरुवार को फागुन उत्सव मनाया गया। महाकाल मंदिर के रुद्राक्ष भवन में आयोजित कार्यक्रम में काम वाली बाईजी की बेटी को "शादी का जोड़ा" सहित विभिन्न उपहार प्रदान किये गए। महिला समाज सोसायटी की ओर से हर साल इस तरह से किसी न किसी काम वाली बाईजी की बेटी के विवाह पर विभिन्न उपहार प्रदान किए जाते हैं। सोसायटी की अध्यक्ष माया कुम्भट ने बताया कि उपहारों में 10 साड़ी, चादर, 3 मिक्सी, वाटर कैन, आभूषण, बर्तन आदि शामिल थे। 5 हजार का चेक भी दिया गया। दुल्हन को तिलक लगा ज्वेलरी, कंगन पहना चुनरी ओढ़ाकर विदा किया। मुख्य अतिथि पुष्पा कोठारी, विशिष्ट अतिथि बेला जैन थीं। सोसायटी के कार्यों को देखते हुए मुख्य अतिथि पुष्पा कोठारी ने सोसायटी को 11 हजार रुपये का चेक प्रदान किया। फाग उत्सव के तहत सभी को गुलाल से तिलक किया गया। माया कुम्भट ने अपना लिखा फागुन गीत 'कृष्ण प्यारे खेले फाग उत्सव, मैं तो हो गई बावरी..' सुनाया। कार्यक्रम में स्वाति भार्गव, कौशल्या रूंगटा, रीता महाजन, चंद्रकाता मेहता, शारदा तलेसरा, निर्मला सहलोत, यशवन्त भंसाली, सुन्दरी छितवानी, शकुन्तला घोष, बबीता जैन, अन्जु माहेश्वरी, सुनयना, हेमा, सुशीला मेहता, बीना सिंघवी, मधु सूद, वंदना शर्मा आदि उपस्थिति थे।

नाथद्वारा: महिला डॉक्टर ने साथी चिकित्सक पर अभद्रता के आरोप लगाए, आरोपी को जारी किया कारण बताओ नोटिस



24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट, नाथद्वारा। नाथद्वारा के सरकारी चिकित्सालय में कार्यरत एक महिला शिशुरोग विशेषज्ञ ने अपने साथी चिकित्सक पर ड्यूटी के दौरान अभद्र व्यवहार और अपशब्द कहने के गंभीर आरोप लगाए हैं। मामले को संज्ञान में लेते हुए अस्पताल प्रशासन ने आरोपी चिकित्सक को कारण बताओ नोटिस जारी किया है, जबकि पुलिस ने उन्हें शांतिभंग के आरोप में गिरफ्तार कर अगले दिन पाबंद कर रिहा कर दिया।

अस्पताल प्रशासन का बयान

अस्पताल के पीएमओ कैलाश भारद्वाज ने बताया कि घटना की जानकारी मिलते ही वे मौके पर पहुंचे, लेकिन तब तक आरोपी चिकित्सक वहां से जा चुके थे। इसके बाद अस्पताल प्रशासन ने दूसरे डॉक्टर की ड्यूटी लगाई और आरोपी को कारण बताओ नोटिस जारी किया। महिला डॉक्टर की लिखित शिकायत के आधार पर पांच वरिष्ठ डॉक्टरों की एक जांच कमेटी गठित की गई है, जो पूरे मामले की जांच कर उच्च अधिकारियों को रिपोर्ट सौंपेगी।

महिला डॉक्टर के आरोप

पीड़ित महिला डॉक्टर के अनुसार, 19 फरवरी की रात उन्हें इमरजेंसी से कॉल आया कि एक बच्चे की तबीयत गंभीर है। जब वे उसे देखने पहुंचीं, तो ड्यूटी पर मौजूद आरोपी डॉक्टर ने न केवल असभ्यता से बात की, बल्कि अभद्र भाषा का प्रयोग किया और अपशब्द कहे। महिला डॉक्टर ने आरोप लगाया कि आरोपी चिकित्सक नशे की हालत में थे। इससे पहले भी उनके खिलाफ अनुशासनहीनता के मामले सामने आ चुके हैं, लेकिन अस्पताल प्रबंधन ने अब तक उनके खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई नहीं की थी।

पुलिस जांच जारी

नाथद्वारा पुलिस की हेड कांस्टेबल उषा ने बताया कि महिला डॉक्टर ने शुक्रवार को थाने पहुंचकर लिखित शिकायत दर्ज करवाई। शिकायत में बताया गया कि आरोपी चिकित्सक ने उनके साथ अभद्रता की और जातिसूचक शब्दों का भी इस्तेमाल किया। महिला डॉक्टर की शिकायत के आधार पर प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस और अस्पताल प्रशासन दोनों स्तरों पर इस मामले में कड़ी कार्रवाई की संभावना जताई जा रही है।

श्रीमाली समाज को सशक्त बनाने महिला ब्रिगेड तैयार, कार्यकारिणी बनाकर सौंपी ज़िम्मेदारी, डॉ दीप्ति को बनाया महामंत्री



24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट. उदयपुर। श्री श्रीमाली ब्राह्मण समाज संस्था मेवाड द्वारा पहली बार महिलाओं को बडी जिम्मेदारी सौंपी है। समाज के अध्यक्ष दिग्विजय श्रीमाली द्वारा महिला विंग की अध्यक्ष रेखा श्रीमाली को बनाया गया था और अब रेखा श्रीमाली ने अपनी कार्यकारिणी की घोषणा की है जो समूचे मेवाड अंचल में सामाजिक कार्यो में महिलाओं की सहभागिता बढाने के लिये कार्य करेगी। रेखा श्रीमाली ने बताया कि समाज द्वारा आयोजित होने वाले सामूहिक कार्यक्रमों में महिलाओं की विशेष भूमिका देखने को मिलेगी। मेवाड अंचल के अध्यक्ष दिग्विजय श्रीमाली की अनुशंसा पर महिला विंग की अध्यक्ष रेखा श्रीमाली ने अपनी कार्यकारिणी में डॉ दीप्ति श्रीमाली को महामंत्री बनाया हैं। कार्यकारिणी में आशा श्रीमाली, जया श्रीमाली, हेमलता श्रीमाली, ऊषा श्रीमाली, रश्मि त्रिवेदी, डॉ संगीता श्रीमाली को उपाध्यक्ष बनाया हैं तो वहीं संगठन मंत्री का जिम्मा शिवानी श्रीमाली, डॉ सुधा श्रीमाली, डॉ रीना श्रीमाली, मोनिका श्रीमाली, प्रिती श्रीमाली को दी गई हैं। डॉ बेला व्यास को कोषाध्यक्ष, वर्षा श्रीमाली और पूनम श्रीमाली को सांस्कृतिक मंत्री बनाया गया हैं। मंत्री की जिम्मेदारी डॉ एकता श्रीमाली, डॉ भाविनी श्रीमाली, वंदना श्रीमाली, डॉ तृप्ति श्रीमाली, दीप्ति श्रीमाली, डॉ दिव्या श्रीमाली, संध्या श्रीमाली को दी गई हैं। कार्यकारिणी सदस्य के तौर पर लक्ष्मी श्रीमाली, कैलाश देवी श्रीमाली, विद्या श्रीमाली, निर्मला श्रीमाली,प्रमिला श्रीमाली, प्रेमलता श्रीमाली, गीता श्रीमाली, प्रमिला जोशी, कलावती श्रीमाली, जूली श्रीमाली, पूनम श्रीमाली, सोनाली श्रीमाली, दुर्गा श्रीमाली, डॉ पूजा श्रीमाली, नीलिमा श्रीमाली, दीपिका श्रीमाली,छवि श्रीमाली,निशा श्रीमाली, हेमलता श्रीमाली, पारूल श्रीमाली, लता श्रीमाली,कल्पना श्रीमाली, भावना श्रीमाली, सुरभी श्रीमाली, विजेता श्रीमाली, प्रियंका श्रीमाली,ज्योति श्रीमाली, इन्दु श्रीमाली, किरण श्रीमाली, वंदना श्रीमाली, प्रियंका श्रीमाली, जयश्री श्रीमाली, तरुणा श्रीमाली,भव्या श्रीमाली को शामिल किया गया हैं।

किसानों की फसल खतरे में, सलूंबर कलेक्टर से लगाई गुहार !



24 न्यूज अपडेट

सलूंबर जिले के एक दर्जन से अधिक गांव के किसानों को जयसमंद कैनाल का पानी नहीं मिलने से अब किसानों की फसल खतरे में है । इसी को लेकर किसानों ने सलूंबर कलेक्टर को गयापन देकर जल्द से जल्द पानी पहुंचाने की मांग की है । किसानों ने बताया कि ग्राम पंचायत बाणा कला के राजस्व गांव नावडा,भैरवा,परतालिया में जयसमंद केनाल का पानी नहीं मिलने से किसानों की कई बीघा गेहूं की फसल सूख रही है । फसल बोहने के बाद फसल को एक बार पानी मिला है । साथ ही किसानों ने बताया कि अगर समय पर पानी नहीं मिला तो फसल नष्ट हो जाएगी। किसान फसल पर निर्भर है । वही बता दे कि वर्तमान में नहर के माध्यम से थडा से थरोडा तक पानी पहुंच रहा है लेकिन इससे आगे बसे गांव में पानी नहीं मिल रहा है । किसानों ने कलेक्टर से जल्द से जल्द समस्या का समाधान करने की मांग की है

एलन कोचिंग सेंटर के पास से मोटरसाइकिल और गैस टंकी चोरी करने वाला शातिर गिरफ्तार



24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट उदयपुर। हिरणमगरीः जिले में चोरी और आपराधिक गतिविधियों पर नकेल कसने के लिए पुलिस लगातार सक्रिय है। इसी क्रम में हिरणमगरी थाना पुलिस ने एक शातिर चोर को गिरफ्तार किया है, जो मोटरसाइकिल और गैस टंकी चोरी की वारदातों में लिप्त था। पुलिस ने अभियुक्त के पास से एक मोटरसाइकिल और दो गैस टंकी बरामद की हैं। 18 फरवरी को सुरेन्द्र सिंह, (पुत्र गणपत सिंह, निवासी देरी, बाबनवास, जिला सवाई माधोपुर) ने हिरणमगरी थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई। उन्होंने बताया कि वह गैस सिलेंडर सप्लाई का काम करता है और अपनी मोटरसाइकिल से सिलेंडर पहुंचाने का कार्य करता है। 09 फरवरी को उसने एलन कोचिंग सेंटर के पास अपनी मोटरसाइकिल पर दो गैस सिलेंडर रखकर खड़ा किया था। जब वह वापस लौटा, तो उसकी मोटरसाइकिल और दोनों गैस सिलेंडर चोरी हो चुके थे। अज्ञात चोर ने घटना को अंजाम देकर फरार हो गया था। प्रार्थी की रिपोर्ट पर पुलिस ने मामला दर्ज कर गहन अनुसंधान शुरू किया। जिला पुलिस अधीक्षकयोगेश गोयल के निर्देशानुसार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) उमेश ओझा और पुलिस उपाधीक्षक छगन पुरोहित के सुपरविजन में, हिरणमगरी थानाधिकारी भरत योगी एवं उनकी टीम ने मामले का खुलासा किया। पुलिस जांच के दौरान शातिर चोर गजेन्द्र कुमार (पुत्र गोपाललाल, निवासी वार्ड नंबर 21, कर्मचारी कॉलोनी, नाथद्वारा, जिला राजसमंद) को संदिग्ध मानते हुए हिरासत में लिया गया। पूछताछ के दौरान अभियुक्त ने अपना अपराध कबूल कर लिया। आरोपी से एक चोरी की मोटरसाइकिल, दो चोरी किए गए गैस सिलेंडर, पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है और प्रकरण में आगे की जांच जारी है।

जिला कलक्टर ने फार्मर रजिस्ट्री अभियान के तहत समोडा शिविर का किया निरीक्षण



24 न्यूज अपडेट

सलूंबर। कृषि विभाग भारत सरकार द्वारा संचालित एग्रीस्टैक योजनांतर्गत फार्मर रजिस्ट्री अभियान के तहत शिविरों का आयोजन जिले में किया जा रहा है। जिला कलक्टर अवधेश मीना ने शुक्रवार को आयोजित शिविर समोडा में औचक निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। शुक्रवार को जिला कलक्टर अवधेश मीना ने फॉर्मर रजिस्ट्री शिविर समोडा का औचक निरीक्षण करने पहुंचे। इस दौरान उन्होंने शिविर में अब तक हुए पंजीकरण की जानकारी लेते हुए शिविर प्रभारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि फार्मर रजिस्ट्री शिविरों के माध्यम से ज्यादा से ज्यादा किसानों को केंद्र और राज्य सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित किया जाए। निरीक्षण के पश्चात जिला कलक्टर ने मौके पर मौजूद कृषि पर्यवेक्षक, पटवारी, गिरदावर सहित अन्य विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि ज्यादा ज्यादा किसानों को इन शिविरों की जानकारी देते हुए उनका पंजीकरण कर लाभ दिलवाना सुनिश्चित किया जाए। जिले की विभिन्न ग्राम पंचायतों में जारी इन शिविरों में किसानों को विशिष्ट फार्मर आईडी सहित विभिन्न विभागीय योजनाओं से लाभान्वित जा रहा है। शिविर में पंजीकरण के लिए किसान का आधार कार्ड, अद्यतन जमाबंदी और जन आधार कार्ड (मोबाइल फोन से जुड़ाव हो) साथ लाना अनिवार्य है। इस दौरान तहसीलदार डॉ मयूर शर्मा, दिनेश चंद्र पाटीदार बीडीओ, कालूराम मीणा, सहित विभागीय अधिकारी एवं किसान उपस्थित रहे।

24 न्यूज़ अपडेट- डिजिटल संस्करण स्वामित्व एवं प्रसारण ग्रुप के लिए करण सिंह देवड़ा द्वारा ई-न्यूज पेपर के फारमेट में प्रसारित प्रधान सम्पादक - सुशील जैन फोन .88520 73787, desk24newsupdate@gmail.com सर्वविवादों का न्याय क्षेत्र उदयपुर रहेगा ।